हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 जून 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 मानसून की बेरुखी से नवागढ़ अंचल के किसान चिंतित...



10 महेश नवमीं महोत्सव का भव्य समापन, सांस्कृतिक



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
25 जून 2026
कूपन नं.
5

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# अल्प वर्षा की आशंका को देखते हुए वैज्ञानिक खेती एवं जल संरक्षण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में संभावित अल्प वर्षा एवं खरीफ मौसम 2026 को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा किसानों को वैज्ञानिक खेती, जल संरक्षण एवं फसल विविधीकरण के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है।

■ किसानों को दी जाएगी तकनीकी जानकारी

मौसम विभाग द्वारा सामान्य से कम वर्षा की संभावना व्यक्त किए जाने तथा जिले में विगत वर्ष मात्र 535 मिमी औसत वर्षा दर्ज होने के कारण प्रशासन द्वारा किसानों को समय रहते आवश्यक कृषि प्रबंधन उपाय अपनाने की सलाह दी जा रही है। कलेक्टर ने किसानों से अधिक अवधि वाली धान किस्मों के स्थान पर कम अवधि में पकने वाली किस्मों जैसे एमटीयू-1010 एवं विक्रम टीसीआर का चयन करने की अपील की है। साथ ही धान के साथ-साथ दलहन एवं तिलहन फसलों का रकबा बढ़ाने, फसल विविधीकरण अपनाने तथा उपलब्ध जल संसाधनों का समुचित उपयोग करने पर विशेष बल दिया गया है।

राज्य शासन की कृषक उन्नति योजना के तहत दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती करने वाले किसानों को 10 हजार रुपये प्रति एकड़ तथा धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलों की खेती करने पर 15 हजार रुपये प्रति एकड़ तक प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है। किसानों से इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी आय बढ़ाने का आग्रह किया गया है।

## जिले में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

### आधुनिक तक्नीकों को अपनाने का सलाह

कलेक्टर ने खेतों में लाइन सोइंग (कतार बोनी), एसआरआई पद्धति, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा देने की अपील करते हुए कहा कि कम पानी में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है। साथ ही खेत तालाब, मेडबंदी, नलकूप रिचार्ज, सोकपिट निर्माण एवं वर्षा जल संचयन जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया है। कृषकों को वैज्ञानिक खेती एवं जल संरक्षण संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 24 जून से आगामी एक सप्ताह तक जिले के विभिन्न ग्रामों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन ग्राम सभाओं में कृषि विभाग के अधिकारी एवं तकनीकी विशेषज्ञ किसानों को कम वर्षा की परिस्थितियों में खेती की उन्नत तकनीकों, नमी संरक्षण, वैकल्पिक फसल चयन एवं जल प्रबंधन के उपायों की जानकारी देंगे। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि कम वर्षा की संभावना को देखते हुए धान की सीधी बुवाई (डायरेक्ट सीडेड राइस) को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस पद्धति से लगभग 20 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है, उत्पादन लागत कम आती है तथा फसल लगभग 12 दिन पहले तैयार हो जाती है। किसानों को धान की खेती हेतु खेतों में मेडबंदी कर उपलब्ध जल का अधिकतम उपयोग करने की भी सलाह दी गई है।

### जैव उर्वरकों के उपयोग से फसलों की वृद्धि

उच्च भूमि वाले क्षेत्रों में धान के स्थान पर अरहर, उड़द, मूंग, तिल एवं सोयाबीन जैसी फसलों को अपनाने की सलाह दी गई है। वहीं कतार पद्धति से बुवाई करने पर खरपतवार नियंत्रण, पौधों की समान वृद्धि एवं नमी संरक्षण में सहायता मिलती है। इससे फसलों की जड़ें गहराई तक विकसित होती हैं तथा सूखे की स्थिति में भी फसल अपेक्षाकृत सुरक्षित रहती है। कृषि विभाग ने किसानों को बुवाई के 3 से 5 दिनों के भीतर अनुशंसित मात्रा में खरपतवारनाशी दवाओं का उपयोग करने तथा बीजोपचार को अनिवार्य रूप से अपनाने की सलाह दी है। धान के लिए एजोस्पिरिलम, दलहनी फसलों के लिए राइजोबियम एवं अन्य जैव उर्वरकों के उपयोग से फसलों की वृद्धि एवं उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है। यदि बुवाई के पश्चात 15 जुलाई तक पर्याप्त अंकुरण नहीं होता है तो किसानों को पुनः बुवाई करने तथा सामान्य बीज दर की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक बीज उपयोग करने की सलाह दी गई है। जुलाई के अंत तक धान एवं उड़द की बुवाई तथा अगस्त माह में तिल, सूरजमुखी एवं मध्यम अवधि वाली अरहर की बुवाई की जा सकती है।

## हरडुवा कन्हार खार में मिला था खून से लथपथ शव, पुलिस ने जुटाए पुख्ता साक्ष्य

# शराब पार्टी में हुआ विवाद, पत्थर से कुचलकर की हत्या

# तीन दिन में सुलझी कत्ल की गुत्थी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हरडुवा के कन्हार खार में मिले अंधे कत्ल की गुत्थी को साजा पुलिस ने तीन दिन के भीतर सुलझा लिया। शराब पीने के दौरान हुए विवाद में एक युवक ने अपने साथी की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी थी। मामले का सबसे अनोखा पहलू यह रहा कि आरोपी स्वयं बचपन से मूक-बधिर है और उसके सांकेतिक इशारों को समझकर पुलिस ने हत्या की पूरी कहानी उजागर कर दी। साजा थाना क्षेत्र के ग्राम हरडुवा में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने महज तीन दिनों के भीतर खुलासा कर दिया है। शराब पीने के दौरान हुए विवाद में एक युवक ने अपने ही साथी की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

■ बड़े भाई ने समझे सांकेतिक इशारे, पुलिस को मिला अहम सुराग



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चोंगीखपरी निवासी टुमन लाल देशलहरे ने थाना साजा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका बड़ा भाई नरेश देशलहरे (40 वर्ष) 21 जून की सुबह अपनी स्कूटी से घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। अगले दिन गांव के एक व्यक्ति के मोबाइल पर भेजी गई तस्वीर के माध्यम से परिजनों को जानकारी मिली कि नरेश का शव ग्राम हरडुवा के कन्हार खार स्थित धरसा खेत में पड़ा हुआ है।

परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि नरेश देशलहरे का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा था। उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे और स्कूटी शव के पास खड़ी थी। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होने पर थाना साजा में अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की मदद से आगे बढ़ी जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक रोशन लाल टोन्डे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान सीन ऑफ क्राइम यूनिट (एफएसएल) तथा डॉग स्क्वॉड की भी सहायता ली गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान मिले महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर पुलिस की शंका ग्राम हरडुवा निवासी यशवंत साहू (33 वर्ष) पर गई। पूछताछ में सामने आया कि घटना वाले दिन यशवंत और मृतक नरेश देशलहरे साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने आवेश में आकर पास पड़े पत्थर से नरेश के सिर पर कई वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना के समय पहने गए कपड़े तथा अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जब्त किए हैं। आरोपी को 24 जून को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में ▶▶| शेष पेज 10 पर



# राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में वसुंधरा को कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

इंदौर में 17 से 21 जून तक आयोजित वाको इंडिया राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता-2026 में बेमेतरा की द वॉरक्राई मार्शल आर्ट्स एंड सेल्फ डिफेंस अकादमी की खिलाड़ी वसुंधरा शुक्ला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 1600 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

अकादमी के अन्य खिलाड़ियों वर्तिका कश्यप, भावी टंडन, आरुषि बंजारे, भौमिक जांगड़े, रूद्र चौहान, सर्वेश पोल, आरव सिन्हा और अंश सिंह बैस ने भी विभिन्न स्पर्धाओं में सराहनीय प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के बाद खिलाड़ियों ने पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रामकृष्ण साहू से सौजन्य भेंट की। इस दौरान डीआईजी ने खिलाड़ियों को अनुशासन, नियमित अभ्यास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

अकादमी के निदेशक एवं राष्ट्रीय कोच सेंसेई भानु प्रताप साहू ने बताया कि खिलाड़ियों की सफलता उनके निरंतर परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। इस अवसर पर अभिभावक, सहयोगी एवं अकादमी के सदस्य भी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों को बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### फिल्टर प्लांट में रिसाव से 16 गांवों की जलापूर्ति ठप



**नांदघाट।** नांदघाट फिल्टर प्लांट से शिवनाथ का शुद्ध पानी भरी गर्मी में अनेक जल स्त्रोतों के सूखने के बाद सहारा बना हुवा है। नवागढ़ छेत्र के पचासों गांव की प्यास बुछ रही है पर नांदघाट क्षेत्र ही दो दिन से पानी के लिए तरस रहा है। फिल्टर प्लांट के जोन क्रमांक एक की बड़ी टंकी के नीचे रिसाव होने से नांदघाट समेत 16 गांव की पानी की सप्लाई बाधित है। आज भी फाल्ट ढूंढने की कोशिश नाकाम रही। पीएचई के सूत्रों ने पूछने पर बताया कि स्थिति बहाल होने में कुछ दिन और लगने की संभावना है। तब तक पानी साफ पानी के लिए लोगों को और इंतजार करना होगा क्योंकि खुदाई का काम मैन्युअल चल रहा है। आज तक सही रिसाव की जगह तक नहीं पहुंच पाए हैं। कल दिन भर के काम के बाद फाल्ट तक पहुंच बन पाएगी। तब कहीं जाकर क्षतिग्रस्त हिस्से को नए सिरे लगेंगे। फिर पानी की आपूर्ती बहाल होगी। नांदघाट खपरी अड़ार सेमरिया तरपोंगी मगरघटा घोनघट्टी खपरी मलदा पौंसरी से लेकर तिरैया भदराली घोघराली तक के उपभोक्ताओं को पानी मिल पाएगा।

### अवैध शराब के साथ 6 आरोपी पकड़े गए

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन और बिक्री में संलिप्त छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना उतई, रानीतराई, खुर्सीपार और छावनी क्षेत्र में पांच अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब, नकदी और एक मोटरसाइकिल जब्त की है।

# जिले में नलकूप खनन पर प्रतिबंध 31 जुलाई तक बढ़ाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में भूजल स्तर के संरक्षण एवं पेयजल स्त्रोतों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने नलकूप (बोरवेल) खनन पर लगाए गए प्रतिबंध की अवधि को आगामी 31 जुलाई 2026 तक बढ़ा दिया है। मानसून के आगमन में हो रही देरी तथा संभावित जल संकट की स्थिति को देखते हुए यह महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के पूर्व आदेश 31 दिसंबर 2025 के तहत जिले को पेयजल परिरक्षण अधिनियम, 1986 (क्रमांक-3) एवं नियम 1987 के प्रावधानों के अंतर्गत 1 जनवरी 2026 से 30 जून 2026 अथवा मानसून आगमन तक जलाभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया था तथा इस अवधि में नए नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगाया गया था। वर्तमान में जिले में मानसून की सक्रियता अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंचने तथा भूजल स्तर पर संभावित प्रभाव को देखते हुए प्रशासन ने प्रतिबंध अवधि को पुनः 1 जुलाई 2026 से 31 जुलाई 2026 अथवा भूजल स्थिति की पुनर्समीक्षा तक प्रभावशील रखने का निर्णय लिया है। इस अवधि में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नए नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लागू रहेगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भूजल संसाधनों का अंधाधुंध दोहन रोकना तथा आम नागरिकों के लिए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गर्मी के मौसम एवं वर्षा की अनिश्चितता के कारण कई क्षेत्रों में जल स्त्रोतों पर दबाव बढ़ जाता है, ऐसे में भूजल संरक्षण के लिए प्रतिबंधात्मक उपाय आवश्यक हो जाते हैं।

■ मानसून आगमन में देरी के मद्देनजर कलेक्टर ने जारी किया आदेश

आदेश के तहत पूर्व में लागू सभी शर्तें यथावत प्रभावशील रहेंगी। हालांकि विशेष परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी (एसडीएम) को नलकूप खनन के लिए अनुमति प्रदान करने हेतु अधिकृत किया गया है। अनुमति केवल निर्धारित प्रक्रिया एवं आवश्यक परीक्षण के बाद ही दी जाएगी।

# बढ़ी बिजली दरों और स्मार्ट मीटर के विरोध में शिव सैनिकों का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

नांदघाट में शिव सैनिकों ने नवागढ़ विधानसभा अध्यक्ष श्यामलाल सेन के नेतृत्व में रैली निकालकर बढ़ते बिजली के खिलाफ में जोरदार प्रदर्शन किया। रैली बिजली दर कम करो, स्मार्ट मीटर बंद करो के नारों के साथ बिजली दफ्तर पहुंचा। जहां विभाग का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया और कनिष्ठ यंत्री को मुख्यमंत्री, कलेक्टर व अधीक्षण अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपा गया। तत्पश्चात स्थानीय तहसीलदार को खाद बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने व कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग पर जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा गया। उसके बाद रेस्ट हाउस में बैठक हुई जहां आगामी 14 जुलाई को छत्तीसगढ़ शिवसेना का 43 वा स्थापना दिवस रायपुर के शहीद स्मारक भवन में आयोजित है इस क्षेत्र के पदाधिकारियों की अधिक संख्या में उपस्थित होने निर्देश किया गया।

■ बिजली दरों वृद्धि के विरोध में नांदघाट आफिस का किया घेराव जलाए पुतले



कुछ शिव सैनिकों को नई जिम्मेदारी दी गई जिसमें नवागढ़ विधानसभा उपाध्यक्ष उत्तरा कुमार वर्मा, विधानसभा सचिव मदनलाल साहू, बदनारा ग्राम अध्यक्ष हरिराम साहू, मुर्रा अध्यक्ष दिपक वर्मा को नियुक्त पत्र देकर पदाधिकारी बनाए गए। उक्त मौके पर प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद, प्रदेश सचिव संतोष कौशल, जिला सचिव बलौदाबाजार दिलीप चतुरे, विधानसभा अध्यक्ष श्यामलाल सेन, भाटापारा विधानसभा उपाध्यक्ष आत्माराम नेताम, ब्लाक अध्यक्ष इतवारी निषाद, उपाध्यक्ष सुदुम साहू, शक्तिकेंद्र अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा, राजकुमारी यादव, मनसूराम निषाद, बिष्णु वर्मा आदि सैकड़ों शिव सैनिक उपस्थित थे।

## सघन छापेमारी में दो आरोपी गिरफ्तार, अवैध शराब जब्त; तीन महिने में 24 प्रकरण दर्ज

# मुख्यमंत्री सचिवालय के निर्देश पर बेरला में अवैध शराब कारोबारियों पर का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खबर का असर

बेरला क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे अवैध शराब कारोबार के खिलाफ आखिरकार बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। हरिभूमि में अवैध शराब बिक्री और उससे जुड़ी शिकायतों के प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद मुख्यमंत्री सचिवालय ने मामले का त्वरित संज्ञान लिया। इसके बाद आबकारी विभाग हरकत में आया और बेरला क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी। जिला आबकारी अधिकारी द्वारा कलेक्टर को भेजे गए प्रतिवेदन के अनुसार, मुख्यमंत्री सचिवालय से प्राप्त निर्देशों के बाद वृत्त-बेरला क्षेत्र में लगातार निगरानी, सघन गश्त और छापामार कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कई गांवों में दबिश देकर अवैध रूप से शराब का भंडारण और बिक्री करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई।



**रिहायशी परिसर से मिली अवैध शराबः** आबकारी अमले ने ग्राम टकसिवा में कार्रवाई करते हुए सुमित्रा सोनवानी पति राजेंद्र सोनवानी के रिहायशी परिसर की तलाशी ली। जांच के दौरान वहां से अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी गई देशी मसाला शराब बरामद हुई। इसी तरह ग्राम कोदवा में कुशाल बारले पिता तारण बारले के कब्जे से भी अवैध देशी मदिरा जब्त की गई। दोनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### रांका सहित कई गांवों में चला तलाशी अभियान

आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम रांका सहित अन्य संदिग्ध क्षेत्रों में भी विशेष तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान संभावित ठिकानों की जांच की ▶▶| शेष पेज 10 पर

अग्रसेन
प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN
2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### दो परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्ति ग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत ग्राम खैलटुकरी निवासी महावीर साहू की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पत्नी खुरेखा को, ग्राम मोहगांव निवासी दुर्गा बाई की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पति गुलाब दास मिरे को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई।

### रोजगार मेला के लिए मांगपत्र आमंत्रित

**कवर्धा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 22 जुलाई को जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। कबीरधाम जिले के ऐसे निजी प्रतिष्ठान, संस्थाओं स्कूल, हॉस्पिटल, कम्प्यूटर, बीमा, माईक्रो फायनेंस, सेल्स, फेब्रिकेशन, सिक्योरिटी आदि क्षेत्र जो अपनी संस्था में रिक्त तकनीकी, नॉन तकनीकी पदों पर भर्ती करना चाहते है, उनसे मांगपत्र, रिक्तियां आमंत्रित की गई है। मांगपत्र, रिक्तियों इस विभाग की वेबपोर्टल https://erojgar.cg.gov.in से या कार्यालय में संस्था का नाम, पूर्ण पता, मोबाईल नंबर, संस्था का पंजीयन क्रमांक, जी.एस.टी. नंबर, पेन कार्ड नंबर, ईमेल आईडी, संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति का नाम, पदनाम, मोबाईल नंबर, पद संख्या, आयुसीमा, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, वेतन एवं भत्ता, कार्यक्षेत्र (अन्य जानकारी जो आवश्यक हो) की पूर्ण जानकारी के साथ 10 जुलाई 2026 तक प्रेषित कर सकते है। ताकि रोजगार मेला का आयोजन करते हुए, कार्यालय में पंजीकृत अभ्यर्थियों को सूचित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जा सके।

### भोरमदेव-महराजपुर में कक्षा 11वीं की रिक्त सीटों के लिए आवेदन

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर, जिला कबीरधाम में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 11 वीं में अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग हेतु 06 तथा अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग हेतु 02 सीटें रिक्त हैं। इच्छुक एवं पात्र छात्राएं निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र दिनांक 07 जुलाई 2026 तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर में जमा कर सकती हैं। प्रवेश के लिए वही छात्राएं पात्र होंगी जिन्होंने सत्र 2026 में आयोजित कक्षा 10वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की हो।

### पीएम आवा, जी-राम-जी योजना की दी जानकारी

**कवर्धा।** जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतों और उनके आश्रित ग्रामो में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास प्लस 2.0 के स्थाई सूची का वाचन किया गया। सूची में दर्ज ग्रामीणों का सम्पूर्ण विवरण ग्राम सभा में वाचन करते हुए नाम, आयु, लिंग जैसी जानकारी का सत्यापन कर आवश्यकता अनुसार त्रुटि सुधार किया गया।

समक्ष:- श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय बेमेतरा (छ.ग.)

-: शपथ पत्र :-

मैं राजा दास मानिकपुरी पिता यशवंत दास उम्र 38 साल जाति पनिका निवासी ग्राम चौरेगा सिमगा, बलौदाबाजार छ.ग. निम्न कथन पूर्वक करता हूँ :

1. यह कि मै उपरोक्त पते का निवासी हूँ तथा मेरे पुत्र शमन दास मानिकपुरी पिता राजा दास मानिकपुरी का जन्म दिनांक 09/08/2024 को नगर पालिका बेमेतरा में हुआ है जिसका पंजीकरण सं. 627 जारी करने की तिथि 27/08/2024 है। जिसमें माता की नाम उमा बाई मानिकपुरी तथा पिता का नाम राजा मानिकपुरी त्रुटिवश दर्ज हो गया है। जबकि माता कि नाम ऊमा बाई मानिकपुरी तथा पिता का नाम राजा दास मानिकपुरी दर्ज किया जावें।
2. यह कि मै अपने पुत्र शमन दास मानिकपुरी पिता राजा दास मानिकपुरी का जन्म प्रमाण पत्र द्वितीय प्रति बनाये जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

-: सत्यापन :-

मैं राजा दास मानिकपुरी पिता यशवंत दास उम्र 38 साल जाति पनिका निवासी ग्राम चौरेगा, सिमगा, बलौदाबाजार छ.ग. सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका क्र. 1 से 2 का कथन सत्य है जिसे आज दिनांक 16/03/2026 को हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

राजा दास
सत्यापनकर्ता

## आयोजन

### प्रभातफेरी, ध्वजारोहण और रुद्राभिषेक के साथ शुरू हुआ अंतिम दिवस

# महेश नवमीं महोत्सव का भव्य समापन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और महेश भोज ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महेश नवमी महोत्सव के दिन की शुरुआत सुबह बाबा रामदेव मंदिर से निकली भव्य प्रभात फेरी के साथ हुई। प्रभात फेरी पुराना बस स्टैंड और सदर रोड होते हुए महेश्वरी भवन पहुंची, जहां सभा अध्यक्ष कैलाश चंद काबरा, युवा संगठन अध्यक्ष हर्ष माहेश्वरी, महिला संगठन अध्यक्षा रेनू राठी तथा सुकमा से आए छत्तीसगढ़ प्रादेशिक युवा संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सतीश चांडक ने ध्वजारोहण कर सामूहिक महेश वंदना की। इसके पश्चात खमरिया से पधारे विद्वान पंडित श्रीकांत जोशी के सानिध्य में भगवान महाकाल का भव्य रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। इस दौरान दीपक-दीपाली डांगरा, अजय राठी, रेनू राठी तथा पंकज- सोनल गांधी मुख्य यजमान रहे। दोपहर में पुराना बस स्टैंड चौक पर विशाल शरबत एवं शीतल जल वितरण कार्यक्रम आयोजित कर राहगीरों को गर्मी से राहत पहुंचाई गई।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झलकी कला, संस्कृति और परंपरा

शाम को आयोजित समापन समारोह का मुख्य आकर्षण रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा। कार्यक्रम की शुरुआत समूह नृत्य से हुई, जिसमें मोहित भूतड़ा, श्रेया भूतड़ा और खुशी भूतड़ा ने आकर्षक प्रस्तुति दी। राजस्थानी लोकसंस्कृति पर आधारित कालबेलिया नृत्य में दीपाली डांगरा, शिल्पा माहेश्वरी, जयश्री गांधी, भूमिका डांगरा एवं आकांक्षा राठी ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। राशि राठी की भावपूर्ण प्रस्तुति तथा भगवान शिव पर आधारित ऊर्जावान शिव तांडव नृत्य ने पूरे सभागार को भक्तिमय बना दिया। वहीं ईशिका राठी, भूमि गांधी, डिंपल गांधी, साक्षी गांधी, अनोखी राठी और अनुष्का गिल्डा की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।





**भव्य बाइक रैली, भजन संध्या में उमड़ा श्रद्धा का सैलाबः** महेश नवमी महोत्सव के छठवें दिन माहेश्वरी भवन से विशाल बाइक रैली निकाली गई। सैकड़ों युवा एवं महिलाएं भगवा ध्वज लेकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। विभिन्न स्थानों पर रैली का स्वागत शीतल जल, कुल्फी एवं स्वल्पाहार से किया गया। रात्रि में दुर्ग रोड स्थित बाबा रामदेव मंदिर में भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। भाटापारा से आए सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने देर रात तक भक्तिमय प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे पंडाल में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।

### समाज को जोड़ने और संस्कार गढ़ने का अवसर : जगदीश

**साजा।** माहेश्वरी पंचायत साजा द्वारा महेश नवमी के पावन पर्व पर आयोजित समारोह समाज की एकता, सेवा भावना और सांस्कृतिक गौरव का जीवंत उदाहरण बन गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगदीश चांडक ने समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि महेश नवमी केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को एकजुट करने, नई पीढ़ी को संस्कारित बनाने और सेवा भाव को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही विकास और प्रगति की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है तथा प्रत्येक समाजजन का दायित्व है कि वह समाज हित की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में जगदीश चांडक ने अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि समाज के युवाओं, महिलाओं और विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनाने के उद्देश्य से मिशन-100, नव रोजगार सृजन, भावी पीढ़ी जीनियस बनाएं अभियान, कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर तथा सुखद दाम्पत्य काउंसिल सेंटर जैसी योजनाएं प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा, रोजगार और संस्कार समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता हैं और महासभा इन्हीं उद्देश्यों को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा और व्यापार के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए





बताया कि विभिन्न अस्पतालों के साथ समन्वय स्थापित कर समाजजनों को चिकित्सा सुविधाओं में विशेष रियायत दिलाई जा रही है। सर्वाइकल टीकाकरण अभियान, महेश सेवानिधि योजना के माध्यम से महिलाओं एवं मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता, तथा समाज के जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करने जैसे कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त आदित्य विक्रम बिड़ला, व्यापार सहयोग, बांगड़ ट्रस्ट एवं बल्दवा एजुकेशन ट्रस्ट सहित विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक पहचान उसकी सेवा भावना और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता से होती है। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचीन राम मंदिर स्थित भगवान शिव की प्रतिमा के पूजा-अभिषेक पियूष गांधी द्वारा कराया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों ने भगवान महेश की पूजा-अर्चना की तथा महेश वंदना के साथ समारोह का विधिवत शुभारंभ हुआ। स्वागत भाषण देते हुए माहेश्वरी पंचायत साजा के अध्यक्ष रमेश कुमार राठी ने पंचायत द्वारा वर्षभर संचालित सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सेवा गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी तथा समाजजनों का स्वागत किया। समारोह में समाज की उपलब्धियों और प्रतिभाओं को भी सम्मानपूर्वक रेखांकित किया गया। नगर की बेटी श्रुति माहेश्वरी, कृष्णा चांडक के चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने तथा साक्षी गोविंद चांडक के अधिवक्ता बनने जैसी उपलब्धियों की जानकारी समाजजनों को दी गई। साथ ही महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सहित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों का उल्लेख करते हुए समाज की सक्रियता और जागरूकता को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम को महिला मंडल अध्यक्ष सोनल राठी ओमप्रकाश नागोरी, ओमप्रकाश टावरी, हरिशंकर टावरी, एवं पंकज राठी ने भी संबोधित करते हुए समाज की एकता, शिक्षा, सेवा और संगठनात्मक मजबूती पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने समाजजनों से सामाजिक दायित्वों के निर्वहन और युवा पीढ़ी को संस्कारित बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

### अतिथियों ने समाज की एकता और युवाओं की भूमिका को सराहा

समारोह में छत्तीसगढ़ प्रादेशिक सभा के अर्थमंत्री मनोज राठी, कार्यकारिणी सदस्य शैलेंद्र करवा, छत्तीसगढ़ महिला संगठन की निवर्तमान अध्यक्ष शशि गट्टाणी, दुर्ग जिला महिला संगठन अध्यक्षा सुमन लखोटिया तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सतीश चांडक सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभा अध्यक्ष कैलाश चंद काबरा ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की प्रगति का आधार उसकी एकता और युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा है। उन्होंने आयोजन की सफलता में युवाओं की भूमिका की सराहना की। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने भी महेश्वरी समाज की सेवा भावना, अनुशासन और सांस्कृतिक योगदान की प्रशंसा की।

### प्रतिभाओं, खिलाड़ियों और महिला उद्यमियों का सम्मान

समारोह के दौरान विवेकानंद स्टेडियम में आयोजित खेल महोत्सव के विजेताओं, क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रतिभागियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। महिला उद्यमियों का भी अभिनंदन कर उनके योगदान को सराहा गया। सभा सचिव अमित माहेश्वरी ने सात दिवसीय महोत्सव का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि आभा लखोटिया एवं कु. विधि चांडक ने प्रभावी मंच संचालन किया। अंत में युवा संगठन के सचिव दीपक डांगरा ने सभी अतिथियों, वरिष्ठजनों, महिला मंडल, युवा संगठन और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन भव्य महेश भोज के साथ हुआ।

# 1 जुलाई से लागू होगी वीबी जी राम जी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- ग्राम पंचायत सांकरा एवं देवरी में मानव श्रृंखला बनाकर ग्रामीणों ने दिया जनभागीदारी का संदेश
- केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की सराहना




24 जून 2026 प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आजीविका संवर्धन एवं समग्र विकास को नई दिशा देने वाली वीबी जी राम जी (विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण) योजना आगामी 1 जुलाई से लागू होने जा रही है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक जन-जागरूकता के लिए बेमेतरा जिले में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देशन में जिले के सभी विकास खंडों में प्रशिक्षण, जनसंपर्क, ग्राम सभाएं, चौपाल, रैली एवं जनजागरूकता गतिविधियों को गति दी गई है। योजना को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का वातावरण देखने को मिल रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों तथा जिला स्तर पर लगातार बैठकें, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं ग्राम सभाएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें ग्रामीणों को योजना के उद्देश्यों, लाभों, पात्रता एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत सांकरा एवं देवरी में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं तथा युवाओं ने योजना के समर्थन में मानव श्रृंखला बनाकर जनभागीदारी का अनूठा संदेश दिया। बड़ी संख्या में ग्रामीण हाथों में तख्तियां एवं जागरूकता संदेश लेकर शामिल हुए। इस दौरान "वीबी जी राम जी – गांव की प्रगति, हम सबकी जिम्मेदारी", "सशक्त गांव, समृद्ध परिवार", "रोजगार और आजीविका का नया संबल" तथा "जनभागीदारी से होगा विकास" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को योजना से जुड़ने और उसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। मानव श्रृंखला के माध्यम से ग्रामीणों ने यह संदेश दिया कि यह योजना केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, आत्मनिर्भरता और सामुदायिक भागीदारी का एक व्यापक अभियान है। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि गांव के प्रत्येक पात्र परिवार तक योजना की जानकारी पहुंचाई जाएगी तथा उन्हें लाभ दिलाने में सक्रिय सहयोग किया जाएगा।

**केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की सराहनाः** जिले में चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान की गूंज राष्ट्रीय स्तर तक पहुंची है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बेमेतरा की मानव श्रृंखला की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले से आई यह तस्वीर ग्रामीण जनजागरूकता, सहभागिता और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट उदाहरण है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने भी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंच के माध्यम से बेमेतरा जिले के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे योजना के प्रति जनजागरूकता और जनसहभागिता का प्रेरणादायी मॉडल बताया है।

**30 जून तक पूर्ण होगा व्यापक प्रशिक्षण अभियानः** जिला प्रशासन द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूहों, युवाओं एवं हितग्राहियों को योजना की कार्यप्रणाली, पात्रता, लाभ एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा रही है। प्रशासन ने 30 जून 2026 तक सभी संबंधित हितधारकों का प्रशिक्षण पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, ताकि 1 जुलाई से योजना का संचालन सुचारू रूप से प्रारंभ किया जा सके। योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए ग्राम सभाओं, चौपालों, जागरूकता रैलियों, पोस्टर-बैनर, मुनादी, रथ प्रचार, जनसंवाद कार्यक्रमों एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जा रहा है। सरपंच, पंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूहों की महिलाएं, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठन भी अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

**जनभागीदारी से साकार होगा विकसित और आत्मनिर्भर गांव का संकल्पः** कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता जनभागीदारी से ही सुनिश्चित होती है। उन्होंने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजना की जानकारी पहुंचाई जाए तथा उन्हें समय पर योजना से जोड़ा जाए। बेमेतरा जिले में चलाया जा रहा यह जागरूकता अभियान न केवल योजना के सफल क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है, बल्कि ग्रामीणों में विकास योजनाओं के प्रति जागरूकता, सहभागिता एवं स्वामित्व की भावना को भी सशक्त बना रहा है। सांकरा और देवरी में बनी मानव श्रृंखला इस बात का प्रतीक है कि ग्रामीण समाज विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध गांवों के निर्माण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है।

### सीसी रोड का भूमिपूजन ...



**साजा।** ग्राम पतोरा में जनपद सदस्य रेखा हेमन्त साहू ने सीसी रोड का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि दिवाकर साहू, उप सरपंच हेमराज साहू समेत ग्रामवासियों उपस्थित रहे। लगभग 5 .20 की राशि से निर्माण कार्य होगा।

## पेज 9 का शेष

### एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की ...

प्रस्तुत किया गया। **मूक-बधिर आरोपी के इशारों से खुली हत्या की परतेंः** हरडुवा हत्याकांड के खुलासे में एक अनोखा पहलू सामने आया। हत्या का आरोपी यशवंत साहू बचपन से मूक-बधिर है, जिसके कारण पुलिस के सामने पूछताछ एक चुनौती थी। जांच के दौरान जब पुलिस की शंका यशवंत साहू पर गई तो उसके बड़े भाई बनवाली साहू को बुलाया गया, जो वर्षों से उसके साथ रहने के कारण उसके सांकेतिक इशारों और हाव-भाव को अच्छी तरह समझते हैं। पूछताछ के दौरान यशवंत ने इशारों के माध्यम से घटना के संबंध में जानकारी दी। बनवाली साहू ने पुलिस को बताया कि आरोपी इशारों में स्वीकार कर रहा है कि घटना वाले दिन वह मृतक नरेश देशलहरे के साथ शराब पी रहा था। शराब के दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद आवेश में आकर उसने पत्थर से हमला कर दिया। आरोपी ने हत्या में प्रयुक्त पत्थर और घटना के समय पहने कपड़ों के बारे में भी इशारों से जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी के बताए तथ्यों का सत्यापन कर साक्ष्य जुटाए, जिसके बाद हत्या की गुत्थी सुलझाने में सफलता मिली। मूक-बधिर आरोपी से की गई सांकेतिक पूछताछ इस मामले की जांच में महत्वपूर्ण साबित हुई। **इन अधिकारियों की रही अहम भूमिकाः** मामले के खुलासे में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी साजा निरीक्षक रोशन लाल टोन्डे, चौकी प्रभारी देवकर एएसआई अलील चंद, एएसआई बनवाली राम सोनकर, प्रशिक्षु उप निरीक्षक चंचल पांडेय, प्रधान आरक्षक पवन सिंह राजपूत, दुर्गेश तिवारी, शिवराज सिंह तथा साइबर सेल एवं थाना स्टाफ के अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मुख्यमंत्री सचिवालय के निर्देश ....

गई तथा स्थानीय स्तर पर सूचनाएं एकत्रित कर अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण और विक्रय पर नजर रखी गई। विभाग का कहना है कि अवैध शराब के नेटवर्क को पूरी तरह समाप्त करने के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है और लगातार निगरानी रखी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों से सहयोग और सूचनाएं देने की अपील की गई है। **24 प्रकरण दर्ज, वाहन भी जब्तः** आबकारी विभाग के आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक केवल वृत्त-बेरला क्षेत्र में ही अवैध मदिरा से संबंधित 24 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। इन कार्रवाइयों के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त करने के साथ एक वाहन को भी राजसात किया गया है। विभाग द्वारा नियमित गश्त, आकस्मिक छापेमारी और जनसूचनाओं के आधार पर अभियान को लगातार तेज किया जा रहा है, जिससे अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। जिला आबकारी अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन, भंडारण और विक्रय में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। क्षेत्र में हुई हालिया कार्रवाई को हरिभूमि में प्रकाशित खबरों और जनशिकायतों के प्रभावी परिणाम के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री सचिवालय के त्वरित हस्तक्षेप और आबकारी विभाग की सक्रियता से बेरला क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।

### बाबा बर्फानी अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालु रवाना



**साजा।** बाबा बर्फानी अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था आज पं राजेश तिवारी के साथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। जिसमे रामकिंकर, रवि वर्मा, सनत कुमार साहू, दुधराम साहू, मनोज साहू, तारण, साहू, शामिल हैं

### बीएसपी की खदानों में कार्यशाला

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा राजहरा में माइन वेस्टिब्यूल ट्रेनिंग सेंटर (एमवीटीसी), दो दिवसीय नेतृत्व विकास कार्यशाला हुई। विषय "तेजी से हो रहे परिवर्तनों के दौर में टीम का नेतृत्व था। इसमें समूह खदानों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन सेल के पूर्व निदेशक डॉ. शोएब अहमद तथा प्रशिक्षक एवं इमेज कंसल्टेंट सुश्री आरती शर्मा ने किया।

### एनएमएमएस में दो प्रतिभाशाली छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भिलाई।** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय सह साधन प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) 2025-26 के परिणाम घोषित हो गए हैं। परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9 वीं से कक्षा 12वीं तक लगातार चार वर्षों के लिए प्रति माह 1 हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। प्रत्येक चयनित विद्यार्थी को आगे की पढ़ाई के लिए कुल 48 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खेरझिट्टी के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने इस राष्ट्रीय परीक्षा में सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया है। छात्र फर्ज कुमार प्रजापति ने 124 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर 298वीं रैंक तथा जिला स्तर पर 5वीं रैंक और दूसरे छात्र मैनेंद्र देवांगन (118 अंक) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर 513वीं रैंक और जिला स्तर पर 15वीं रैंक प्राप्त की।दोनों विद्यार्थियों ने बताया कि हमारी सफलता में जिला शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ऑनलाइन मार्गदर्शन कक्षाओं, विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा माता पिता माता-पिता को प्रेरणा का योगदान रहा।



# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

**प्रवेश प्रारंभ : 2026-27** SHAPING FUTURES, DELIVERING CAREERS **ADMISSIONS OPEN: 2026-27**

''भारती-ग्रुप'' पिछले 29 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, राज्य में आवश्यकता के अनुसार नये-नये पाठ्यक्रम संचालित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा कम-खर्च / कम-फीस में प्रदान कर रहा है। आगे इसी लक्ष्य को पुरा करते हुये अध्ययन प्राप्त कर चुके, लगभग सभी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रदान कर रही है। इनकी योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुसार छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यो की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों में चयनित होकर कार्यरत है तथा कई बड़े रूप में स्व-रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है। जिससे हमारी संस्था के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाये रखेंगे इसी विश्वास के साथ ...

**लॉ ( कानून )-** लॉ एजुकेशन में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण। एलएलबी 3 वर्षीय, प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम 2 वर्षीय, प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ उत्तीर्ण होने के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प हैं जिसमें से न्यायपालिका, वकालत, कानूनी सलाहकार के रूप में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है, इसके अतिरिक्त वे कॉर्पोरेट सेक्टर, वित्तीय संस्थानों, इनकम टैक्स विभाग, लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग, मानव संसाधन, रियल एस्टेट, मीडिया, बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी कार्य कर अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।

**ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी है**
**पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग / एमटेक**

हमारे छत्तीसगढ़ शासन औद्योगिक एवं तकनीकी विकास की दिशा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ ही देश एवं विदेश की कई कम्पनियों के साथ समझौता को बढ़ावा दे रही है एवं कई बड़ी-बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पॉलिटेक्निक 3 वर्षीय प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण, बी.टेक 4 वर्षीय, प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विद्यार्थी सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन जैसे विषयों में प्रवेश लेकर गहन तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। यह कोर्स विद्यार्थियों को अनुसंधान, डिजाइन, विकास, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और इंडस्ट्री में विविध तकनीकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं जैसे निर्माण कंपनियां, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, ऑटोमोबाइल, पावर प्लांट्स, स्टार्टअप्स, सरकारी विभाग, अनुसंधान संस्थान, और शिक्षण संस्थान में रोजगार एवं स्व-रोजगार का अवसर मिलेगा।

Afft. to Ayush University, Raipur
• BAMS (Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery) • B.Sc. (Nursing)

Afft. to IGKV, Raipur
• B.Tech Agri. • B.Sc. Agri.

## प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित डॉक्टरेट उपाधि प्राप्तकर्ता



भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं लगभग सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्सेस सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये कई नये-नये विषयों मे शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश से सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन के साथ-साथ IAS, IPS, IES, IFS, IRS, SSC, CGPSC/State Public Service Commission तथा अन्य सभी केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता सुनिश्चित करने हेतु इसकी तैयारी नि:शुल्क प्रदान की जा रही है।

### Law
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

### Engineering
M. Tech. / B.Tech. / Polytechnic
- CSE
- Civil
- ET&T
- Mechanical
- Electrical

(Regular / Working Professionals with Flexible Time)

### Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

### Public Health
- MPH (Master of Public Health)

### Rural Studies
- Bachelor (BRS)
- Master (MRS)

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S.)*
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S.)*

### Social Work
- Diploma (DSW)
- Bachelor (BSW)
- Master (MSW)

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma

### Science
- B.Sc (Hons)/M.Sc
  - Forensic Science • Chemistry • Maths
  - Computer Sceince • Physics • Zoology
  - Animation & Visual Effects • Botony
  - Microbiology • Biotechnology
  - Home Science • IT

### Arts/ Commerce & Management
- BBA • MBA
  - Hospital Mgt. • Financial Mgt
  - Marketing Mgt. • Human Resource Mgt.
- B.A.(Hons)/ M.A
  - Psychology • English • Sociology
  - Yoga • Hindi • Sanskrit • Economics
  - History • Geography • Political Science
- B.Com.(Hons) • M.Com
- B.Stat • M.Stat
- DCA • BCA • PGDCA

### Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph.D. Available in all Major Subjects**

**फॉरेंसिक साइंस-** भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। बीएससी फॉरेंसिक साइंस(ऑनर्स) 3+1 वर्षीय (डिग्री+अनुसंधान)में प्रवेश हेतु गणित अथवा विज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण एवं एमएससी फॉरेंसिक साइंस 2 वर्षीय, प्रवेश हेतु बीएससी गणित/जीवविज्ञान, फार्मेसी, इंजीनियरिंग के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। इस विषय से छात्रों को अपराध अनुसंधान, डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट तकनीक, क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन, साइबर सिक्योरिटी और टॉक्सीकोलॉजी जैसे आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षित होने का ज्ञान प्राप्त होगा। डिग्री प्राप्त होने के बाद अपराध जॉच में वैज्ञानिक सबूतो के बढ़ते महत्व के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नौकरी के सबसे ज्यादा अवसर हैं, फॉरेंसिक साइंस के विद्यार्थी देश-विदेश के फॉरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य करते हैं। सरकारी विभागों जैसे सेंट्रल एवं स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैब, गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य खुफिया एजेंसियों में फॉरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर एवं रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान...**

**''फार्मेसी ज्ञान और सेवा का संगम''**

डी. फार्मेसी 2 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स एवं बी.फार्मेसी 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है जिनमें प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। फार्मेसी विज्ञान और मानव स्वास्थ्य के बीच एक सेतु है, जो कि ना केवल दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव को सुनिश्चित करता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और इलाज में अहम भूमिका निभाता है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, बदलती स्वास्थ्य समस्याएं, और नई-नई बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के चलते फार्मेसी क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह कोर्स अनुसंधान, शिक्षण, उद्योग और सरकारी विभागों में उन्नत कैरियर के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। जिसमें विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल विज्ञान की मूलभूत जानकारी, दवा निर्माण, ड्रग डिजाइन, फार्माकोलॉजी, हर्बल ड्रग्स और क्लिनिकल फार्मेसी जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस कोर्स के अध्ययन से विद्यार्थियों को अनुसंधान, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में विभिन्न जिम्मेदारियों के लिये तैयार होते है। फार्मेसी के डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र सरकारी और निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, इसके अलावा स्वरोजगार के लिए मेडिकल स्टोर भी प्रारंभ कर सकते हैं।

## PLACEMENT SELCTION 2026



**TOP RECRUITERS**

WIPRO LTD. | ASHOK L bY LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS Ltd. | TATA CONSULTANCY SERVICES | L & T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA Ltd. | CAPGEMINI INDIA PVT. LTD. | ULTRATECH CEMENT | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED





6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07

www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com




**SUN PUBLIC SCHOOL**
A CBSE NEW Delhi, affiliated School
ADMISSIONS OPEN
Day Boarding School
Hostel Facility Available from 6th to 12th Class
NURSERY TO 12TH CBSE
ENGLISH MEDIUM
9109186601, 9109186607

**सन प्राइवेट आई.टी.आई.**
भारत सरकार (NCVT & DGT) एवं छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विशेषताएँ
• उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम • अनुभवी शिक्षक • आधुनिक टूल्स एवं मशीनों द्वारा ट्रेनिंग
• छात्रवृत्ति की सुविधा • हॉस्टल की सुविधा
प्रवेश प्रारंभ
• इलेक्ट्रीशियन • फिटर } 2 वर्ष
• कोपा • स्टेनो (हिन्दी) } 1 वर्ष
9589158888, 9109186606

## खबर संक्षेप

### बोरसी-पोटिया टंकी की पाइपलाइन में लीकेज जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग अंतर्गत पांच बिल्डिंग क्षेत्र में मुर्गी फार्म के पास बोरसी-पोटिया टंकी को भरने वाली राइजिंग पाइपलाइन में लीकेज होने के कारण बड़ी मात्रा में शुद्ध पेयजल का रिसाव हो रहा है। जल संरक्षण एवं सुचारू जलापूर्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगम द्वारा पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य 24 जून को किया जाएगा। 24 जून को शाम की जलापूर्ति पर पड़ेगा असर मरम्मत कार्य के दौरान वार्ड क्रमांक 49, 50, 51, 52, 53, 54 एवं 46 के कुछ क्षेत्रों में 24 जून की शाम की जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। निगम प्रशासन ने नागरिकों से आवश्यकतानुसार पूर्व में पानी संग्रहित करने तथा सहयोग करने की अपील की है। 25 जून की सुबह से जलापूर्ति सामान्य होगी। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार पाइपलाइन मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद 25 जून 2026 की सुबह से जलापूर्ति पुनः सामान्य रूप से शुरू कर दी जाएगी। निगम ने अस्थायी असुविधा के लिए नागरिकों से खेद व्यक्त करते हुए सहयोग की अपेक्षा की है।

### सभी कंपनियों एवं औद्योगिक क्षेत्रों की जाए जांच : जकां

**भिलाई।** जनता कांग्रेस युवा मोर्चा के अध्यक्ष अनुरुध वर्मा ने सभी औद्योगिक क्षेत्रों, फैक्ट्रियों एवं निजी कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों तथा बाहरी व्यक्तियों के विशेष सत्यापन अभियान चलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश के विभिन्न हिस्सों में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में दुर्ग जिला, जो प्रदेश का एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र है, वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों एवं श्रमिकों का समय-समय पर सत्यापन किया जाना आवश्यक है, ताकि जिले की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, श्रम विभाग एवं औद्योगिक प्रबंधन से मांग की है कि दुर्ग जिले के समस्त औद्योगिक क्षेत्रों एवं कंपनियों में विशेष जांच अभियान चलाकर कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों के पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं निवास संबंधी दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाए। साथ ही बाहरी राज्यों एवं अन्य देशों से आए व्यक्तियों का पुलिस सत्यापन भी सुनिश्चित की जाए।

### मार्केट में बिकने वाली भीम का मैंगो आइस कैंडी अमानक, लगाया प्रतिबंध

**दुर्ग।** मार्केट में बिकने वाले कई लोकल खाद्य उत्पाद सेहत के लिए काफी खतरनाक साबित हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला भीम का मैंगो आईस कैंडी का सामने आया है। यह उत्पाद अमानक पाया गया है, जिसके बाद इसकी खरीदी और बिक्री को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। कार्रवाई नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायपुर के निर्देश पर की गई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त उत्पाद का नमूना मानकता जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया था। खाद्य विश्लेषक द्वारा जारी जांच प्रतिवेदन में संबंधित उत्पाद को असुरक्षित घोषित किया गया है। इसके बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा विनियम 2011 के तहत उक्त खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ के उक्त बैच नम्बर के विक्रय पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### हुडको में स्कूटी और न्यायालय के बाहर से बाइक चोरी

**भिलाई।** वाई शेप ब्रिज के नीचे नर्सरी के पास हुडको में खड़ी स्कूटी और जिला न्यायालय के सामने खड़ी बाइक को किसी ने पार कर दिया है। प्रार्थियों की शिकायत पर भिलाईनगर और कोतवाली थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बीएड की छात्रा अर्चना यादव ने पुलिस को बताई कि वे कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी कि वाई शेप ब्रीज के नीचे नर्सरी के पास गाड़ी अचानक बंद हो गई। चालू नहीं होने पर सुबह करीब 8.30 बजे वाई शेप ब्रीज के नीचे नर्सरी के पास खड़ी कर कॉलेज चली गई थी। कॉलेज से दोपहर लगभग 10 बजे वापस आकर देखी तो जिस स्थान पर अपनी गाड़ी खड़ी की थी वहां पर नहीं थी।

खेत तैयार, लेकिन बारिश के इंतजार में किसान

# मानसून की बेरुखी से नवागढ़ अंचल के किसान चिंतित, बारिश का इंतजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नवागढ़ अंचल में इन दिनों सबसे अधिक चर्चा मानसून की हो रही है। सुबह आसमान में काले बादल छाते हैं और किसानों की उम्मीदें जाग उठती हैं, लेकिन दोपहर तक बादल बिना बरसे लौट जाते हैं।

लगातार हो रही इस स्थिति से किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। क्षेत्र में खेतों की तैयारी पूरी हो चुकी है। किसान बीज, खाद और जुताई का कार्य पहले ही कर चुके हैं, लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं होने से धान की बुवाई शुरू नहीं हो पा रही है। धान उत्पादन के लिए प्रसिद्ध नवागढ़ क्षेत्र में समय पर मानसून को खेती की शुरुआत का आधार माना जाता है। ऐसे में बारिश में हो रही देरी किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि मौसम विभाग लगातार बारिश की संभावना जता रहा है, लेकिन पूर्वानुमान के अनुरूप वर्षा नहीं हो रही। इससे किसानों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है और वे रोज आसमान की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। बारिश की कमी का असर अब जल स्त्रोतों पर भी दिखाई देने लगा है। गांवों के तालाबों का जलस्तर घट रहा है, जबकि कई हैंडपंप और बोरवेल में पानी नीचे चला गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो खेती के साथ-साथ पेयजल संकट की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। किसानों को अब मानसून की अच्छी बारिश का इंतजार है, ताकि बुवाई कार्य शुरू हो सके और खरीफ फसल का सीजन प्रभावित न हो।

## बैठक : 51वीं वर्षगांठ पर भाजपा की प्रेस वार्ता

# आपातकाल लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला, देश कभी नहीं भूलेगा वह काला दौर : जयंती पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी ने देश में लगाए गए आपात काल की 51वीं वर्षगांठ के अवसर पर बुधवार को बेमेतरा में प्रेस वार्ता आयोजित कर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। भाजपा ने 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय बताते हुए कहा कि यह वह दौर था, जब संविधान की मूल भावना, नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने का प्रयास किया गया था। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री जयंती भाई पटेल ने कहा कि 25 जून 1975 को आंतरिक अशांति का हवाला देकर देश में आपातकाल लागू किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप लोकतांत्रिक व्यवस्था को गंभीर आघात पहुंचा।

उन्होंने कहा कि उस समय विपक्षी नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और लोकतंत्र समर्थक आवाजों को दबाने के लिए बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां की गईं। हजारों लोगों को बिना सुनवाई जेलों में बंद कर दिया गया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कठोर प्रतिबंध लगाए गए। उन्होंने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता पर सेंसरशिप लागू कर समाचार पत्रों और मीडिया संस्थानों की आवाज को नियंत्रित किया गया। लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता प्रभावित हुई और शासन व्यवस्था में भय एवं दमन का वातावरण पैदा कर दिया गया। श्री पटेल ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र ने उस कठिन दौर को झेला, लेकिन देश की जनता और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले लोगों के संघर्ष के कारण लोकतांत्रिक व्यवस्था पुनः स्थापित हुई।



### कांग्रेस पर लगाए लोकतांत्रिक परंपराएं कमजोर करने के आरोप

प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 25 जून का दिन देश के इतिहास में लोकतंत्र पर कुठाराघात के रूप में दर्ज है। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान लिए गए फैसले भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक चेतावनी के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे। भाजपा नेताओं ने कहा कि देश की जनता को उस दौर की घटनाओं को स्मरण रखना चाहिए ताकि भविष्य में किसी भी परिस्थिति में लोकतांत्रिक संस्थाओं, संविधान और नागरिक अधिकारों पर संकट उत्पन्न न हो।

**नई पीढ़ी को इतिहास जानना जरूरी**

भाजपा प्रदेश मंत्री श्री पटेल ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को आपातकाल के इतिहास और उससे जुड़े घटनाक्रम की जानकारी होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों, स्वतंत्र अभिव्यक्ति और संवैधानिक संस्थाओं की मजबूती से ही लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है।उन्होंने कहा कि आपातकाल की घटनाएं इस बात की याद दिलाती हैं कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए निरंतर सजग रहना आवश्यक है। यदि लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी की जाती है, तो नागरिक अधिकारों और संस्थाओं की स्वतंत्रता पर संकट उत्पन्न हो सकता है।

### लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का दोहराया संकल्प

आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ पर भाजपा ने लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। नेताओं ने कहा कि पार्टी हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और संवैधानिक व्यवस्था की रक्षा के लिए कार्य करती रहेगी। प्रेसवार्ता में प्रहलाद रजक (रजक बोर्ड अध्यक्ष), विजय सिन्हा (नगर पालिका अध्यक्ष), मीडिया प्रभारी दीपक मोटवानी ,हर्षवर्धन तिवारी,विनय साहू , शहर भाजयुमो अध्यक्ष हेतुल्य सिंह सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रेरणा मेन क्लब को ऑल इंडिया सेकेंड कैबिनेट बैठक में मिला सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ पर्यावरण संरक्षण, समाज सेवा एवं स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया गया सम्मानित

ऑल इंडिया सेकेंड कैबिनेट की बैठक 20 जून को रायपुर-विमतारा में ऑल इंडिया प्रेसिडेंट ली आशा मोहन के अध्यक्षता एवं डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट ली रश्मि अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न सामाजिक एवं जनहितकारी गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले क्लबों और सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बेमेतरा की प्रेरणा मेन क्लब को समाज सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण अभियान के अंतर्गत संचालित एक पेड़ बेटी के साथ, एक पेड़ बालिका के साथ/" अभियान की विशेष सराहना की गई। इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए क्लब अध्यक्ष वर्षा गौतम, सचिव कनकलता मिश्रा, रश्मि ताम्रकार, शशि तिवारी एवं ली आरती साहू को सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य संबंधी जनजागरूकता कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए रश्मि ताम्रकार को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। वहीं क्लब द्वारा तैयार की गई स्क्रैप बुक एवं एल्बम को भी सराहना मिली, जिसके लिए अध्यक्ष द्वारा प्रशंसा स्वरूप सम्मान प्रदान किया गया। बैठक में मिले इस सम्मान से प्रेरणा मेन क्लब के सदस्यों में उत्साह का माहौल है। क्लब पदाधिकारियों ने भविष्य में भी समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प व्यक्त किया।

# कोबिया वार्ड में मनाया गया सद्गुरु कबीर साहब का प्राकट्य दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के कोबिया वार्ड में सद्गुरु कबीर साहब का प्राकट्य दिवस बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भक्ति एवं श्रद्धा के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुगोसाईं योगेश दास गोस्वामी साहेब (कोबिया वाले) द्वारा चौका-आरती संपन्न कर की गई। इसके पश्चात नवयुवक मंडल, आमीन माता महिला मंडल तथा साहेब के नेमी प्रेमी भक्तजनों द्वारा श्रद्धालुओं के बीच खीर-पूरी एवं शरबत का प्रसाद वितरित किया गया।

प्राकट्य दिवस समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर सद्गुरु कबीर साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मदन वर्मा (अध्यक्ष, सिंघरौर कुर्मी समाज कोबिया), कमलेश वर्मा, मुकेश वर्मा, मानसिंग वर्मा, गुरेंद्र वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, दल्लू वर्मा, भेखसिंह वर्मा, रामेश्वर वर्मा, अभय वर्मा, हेमसिंग वर्मा, प्यारे वर्मा, सुखेंद्र वर्मा, रोशन वर्मा, मन्नू वर्मा, भगवानी वर्मा, टिकेश्वर वर्मा एवं लुकेश वर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी कक्षा 6वीं से 12वीं तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ श्रमिक परिवारों के बच्चों को मिलेगा बेहतर भविष्य का अवसर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने एवं उन्हें बेहतर शैक्षणिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना संचालित की जा रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पात्र विद्यार्थियों से 22 जून से 3 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। श्रम पदाधिकारी, बेमेतरा ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर श्रमिक परिवारों के बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं प्रतिस्पर्धी अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने भविष्य को सशक्त बना सकें। योजना के तहत ऐसे निर्माण श्रमिकों के बच्चों को लाभ प्रदान किया जाएगा, जिनका पंजीयन छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में कम से कम एक वर्ष पूर्व से वैध रूप से दर्ज हो। योजना का लाभ श्रमिक की प्रथम दो संतानों को दिया जाएगा, जो वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कक्षा 6वीं में प्रवेश ले रहे हों। प्राप्त आवेदनों में पात्र विद्यार्थियों का चयन शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं चयन प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।

### उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में मिलेगी निःशुल्क शिक्षा

अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को प्रदेश के चयनित उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रदान किया जाएगा। यहां विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को आवास, भोजन, अध्ययन सामग्री, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण तथा समग्र व्यक्तित्व विकास के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। योजना का उद्देश्य श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करना है।

### ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से कर सकते हैं आवेदन

इच्छुक अभिभावक एवं पात्र विद्यार्थी श्रम विभाग के श्रमेव जयते ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आवेदन प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ बनाने के लिए निकटतम श्रम संसाधन केंद्र, चॉइस सेंटर अथवा कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला बेमेतरा के माध्यम से भी आवेदन जमा किए जा सकते हैं। **श्रमिक परिवार समय सीमा में करें आवेदनः** श्रम विभाग ने पात्र निर्माण श्रमिकों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित अंतिम तिथि 3 जुलाई 2026 से पूर्व आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें तथा शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठाएं। विभाग का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को योजना से जोड़कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर भविष्य के अवसर उपलब्ध कराना है। अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना श्रमिक परिवारों के बच्चों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो उन्हें उच्च शिक्षा एवं प्रतिस्पर्धी भविष्य के लिए मजबूत आधार प्रदान करेगी।

## विकसित भारत, रोजगार व अजिविका मिशन की जानकारी

# तहसील क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में हुआ वृहद ग्राम सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

बुधवार का दिन ग्रामीणो के लिए खास रहा क्योंकि आज तहसील क्षेत्र के लगभग 35 ग्राम पंचायतों में एक साथ ग्राम सभा का सफल आयोजन किया गय इस संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने पूर्व मे ही सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा के सफल आयोजन और ग्रामीणों की सहभागिता के लिये निर्देश जारी कर दिये थे।

ग्राम सभाओ में सरपंच,पंचायत सचिव व रोजगार सहायक ने आज विशेष रूप से आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण से मिले सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची का अवलोकन और वाचन किया । शासन की मार्गदर्शिका एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार पात्र हितग्राहियों की प्राथमिकता सूची भी तैयार किया गया। ग्रामीणों से मिले दावे-आपत्तियों को नियमानुसार प्राप्त कर उनके निराकरण हेतु उच्चस्थ कार्यालय को भेजा जायगा। ग्राम सभा से अनुमोदन के बाद स्थायी प्रतीक्षा सूची को आवास सॉफ्टवेयर में अपलोड करने की कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही पूर्व बैठक के निर्णयों के पालन प्रतिवेदन, पंचायतों के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन, विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्यों की प्रगति और अन्य विकासात्मक विषयों पर भी चर्चा ग्रामीणो से किया गया। ग्राम पंचायत कोपेडबरी,उमरावनगर, टिपनी,गोपालपुर, बनरांका, चिखली, नवागावकला, जेवरा, खाती,दर्री,तोरन,पेण्ड्रीकला,श्यामपुरकांपा,खैरझिटीकला,हाटरांका,चीजगांव,खपरी,टेण्ढी, सौरी,हाडाहुली,ठेलका जैसे तहसील क्षेत्र के लगभग 35 ग्राम पंचायत मे विशेष ग्राम सभा का आथोजन किया गया जिसमे ग्रामीणो ने बढ चढकर हिस्सा लिया ।



### पीएम आवास योजना में अपात्रों की होगी छंटनी

आवास प्लस सर्वे अनुसार ग्राम सभाओं में छटनी का काम शुरू होगा आवास का सत्यापन होने के साथ ही नए नाम को शामिल नही किया जा रहा है। जनभागीदारी को बढ़ावा देने के साथ ही ग्राम सभाओं में विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) जी राम जी के संबंध में भी ग्रामीणों को सचिवो ने उचित जानकारी दी है।

समीपस्थ ग्राम पंचायत उमरावनगर मे 285 प्रधानमंत्री आवास की स्विकृति मिलने के साथ ही डीपीआर मे हितग्राहीयो नाम भी दर्ज हो चूके है जबकि 5 हितग्राही के दस्तावेज मे त्रूटि होने पर लंबित रखा गया है।ग्राम सभा मे सरपंच राजेश साहू,उप सरपंच अशोक साहू,सरपंच हरदत्त साहू,सचिव हरगोविंद अग्रवाल,रोजगार सहाथक गंगदेव साहू,पंच थामनाथ साहू,सुशील साहू,नरोत्तम साहू,पुरूषोत्तम वर्मा,गंगा,शांति बाई,सदिता निषाद,यादव,पुखराज वर्मा,रामजी यादव,लीलाधर चंद्राकर,डोमन्द्र ध्रुव,दिल्ली वर्मा तथा ग्राम पटेल हरिशचंद्र साहू सहित बडी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

# नगधा स्कूल में मनाया शाला प्रवेश उत्सव, पुस्तक वितरण भी किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय हाई स्कूल नगधा विकास खंड नवागढ़ में नव प्रवेशी बच्चों का शाला प्रवेशोत्सव गुलाल से तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर सभी बच्चों को नए किताबें वितरण किया गया। साथ में नेवता भोज का कार्यक्रम सरपंच ग्राम पंचायत नगधा अर्जुन बांधे के द्वारा कराया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में एम एल जायसवाल सर, संतोष ठाकुर, थानसिंह वर्मा, कमलेश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, गेंदलाल जायसवाल, परस राम यादव, प्राचार्य छेदू सिंह ठाकुर, संकुल समन्वयक चन्द्र सुभाष बघेल, शिक्षक शैलेश सेन, आशाराम टंडन, रोहित निर्मलकर, विजय घृतलहरे, तानेश्वर देशमुख, शिक्षिका सरस्वती रानाडे, सरोज सिंह, बिजल पटेल,वीणा कंवर, कौशिल्या ध्रुव सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।